NEW ERA PUBLIC SCHOOL RAJBAGH

SOLVED ASSIGNMENT OF UNIT III

CLASS : 3rd SESSION 2021

SUBJECT : HINDI 

पाठ -11
पेड़

मौखिक (उत्तर)

1. कवि हमें ये संदेश दे रहा है कि हमें पेड़ों को नहीं काटना चाहिए।
2. कवि पेड़ों की बाँहों की बात कर रहा है।

लिखित (उत्तर)

क, कवि फूलों और हरियाली को नहीं काटने की बात कह रहा है

ख, बच्चे आम के बाग में झूला झूलते हैं।

ग, पेड़ की बाँहें टहनियाँ होती है उन्हें काटने से पेड़ अपंग हो जाता है।

घ, कवि सपने लुटने की बात कर रहा है।

ङ, 'हो जाएंगे मेरे चेहरे स्याह' से हम समझते है कि हमारे चेहरे उदास हो जाएंगे।

Scanned with CamScanner

1. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो :

हरियाली को मत हरो ।
मेरी बाहों को मत काटो,
बन जाऊंगा मैं अपंग ।
कहने दो बागो को,
नीम तले कथा कहानी ।

2. विपरीत शब्द लिखें

| | | | |
|---|---|---|---|
| क, फूल | काँटे | ख, पतझड़ | बसंत |
| ग, खुशी | गम | घ, खुशहाली | बदहाली |

3. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाएँ :

क, ममता :- माँ की ममता दुनिया में सबसे बड़ी होती है ।

ख, अपंग :- अपंग लोगों की हमेशा मदद करनी चाहिए ।

ग, हरियाली :- खेतों में हर तरफ हरियाली ही हरियाली है ।

घ, सपने :- मेहनत के बिना कभी सपने पूरे नहीं होते ।

— ० —

# पाठ - 12
# बुद्धि का बल

## शब्द ज्ञान

आहट = हलचल, चिह्न = निशान, माहिर = होशियार, भयंकर = डरावना, अनुमान = अंदाजा, घोषित = ऐलान करना, चौकन्ने = होशियार रहना, कोतवाल = पुलिस, दिवालिये = खाली होना।

## मौखिक (उत्तर)

1. नगर का राजा तीन चोरों से परेशान था।
2. राजा ने चोरों को पकड़ने के लिए एक हजार सोने की मोहरों का पुरस्कार घोषित किया।
3. नगर में नया सेठ आया था। उसका नमक का व्यापार था।

## लिखित (उत्तर)

क, चोरों को घुसने पर सेठानी ने सेठ से कहा, "सेठ जी! मेरे गहने, हीरे जवाहरात और सोने की मोहरें अपने सुरक्षित स्थान में छुपा दिए है ना।"

ख, सारा धन इतनी आसानी से पता चलने पर चोरों ने ईश्वर को धन्यवाद दिया।

ग, पेड़ों पर चढ़ने के बाद मधुमक्खियाँ उनसे लिपट गई। मधुमक्खियाँ भयंकर रूप से उनके हाथों

और मुँह पर काटने लगी ।

घ, चोर पुराने खंडहर में थे उनके हाथ-पाँव सूजे हुए थे ।

ङ, राजा ने सेठ को एक हजार सोने की मोहरे दी । सेठ ने वो मोहरे गरीबो में बाँट दी ।

1. किसने कहा, किससे कहा -

क, सेठानी ने सेठ से कहा ।
ख, सेठ ने सेठानी से कहा ।
ग, सेठ ने सेठानी से कहा ।
घ, सेठ ने कोतवाल से कहा ।

2. मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ :

क, चौकन्ना रहना = होशियार होना .
पुलिस को देखकर चोर चौकन्ना हो गया ।

ख, घोडे बेचकर सोना = आराम की नींद सोना
परीक्षा खत्म होते ही बच्चे घोडे बेचकर सोता है ।

3. विपरीत शब्द लिखें - (उत्तर)

क. कुबुद्धि ख. दिन
ग नौकर घ. चोर

4. लिंग बदलें (उत्तर)

क. स्वामिनी ख, चोरनी ग, घोडी घ, सेठानी

# पाठ - 13
# ठान कर देखो

मौखिक (उत्तर)

1. कवि कविता के द्वारा यह संदेश देना चाहता है कि हमें किसी काम को मुश्किल नहीं समझना चाहिए।

लिखित (उत्तर)

1. यदि लक्ष्य को पाना है तो निडर हो कर सपने देखो।
2. जो लोग सपने देखने से डरते है वो हाथ मलते रह जाते है।
3. यदि भाग्य को पाना है तो हमें अच्छे काम करके जीवन में रोशनी लानी है और अंधेरे को भगाना है।

4. जब हम किसी काम को करने के लिए ठान लेते है तो कोई काम मुश्किल नहीं लगता।

5. मेरे जीवन का लक्ष्य डॉक्टर बनना है

## भाषा ज्ञान

1. निम्नलिखित शब्दों के विपरीत शब्द लिखें: (उत्तर)

क, असंभव ख, अंधेरा ग, निडर

घ, मौत ङ, अनिच्छा च, दुर्भाग्य

Pg no 6.

२. निम्नलिखित वाक्यों के लिए एक शब्द लिखें।

क, जो न डरे  निडर

ख, जो कर्म करते हैं  कर्मशील

ग, जहाँ पहुँचा न जा सके  दुर्गम

घ, जो पक्का निश्चय कर ले  दृढ़निश्चयी

ङ, भाग्य के भरोसे रहने वाला  भाग्यवादी

— ० —

पाठ - १४

वीर शिवाजी

प्रबंध = इंतजाम , प्रयास = कोशिश

प्रवीण = कुशल , आहुति = त्याग

साम्राज्य = समाज , सम्मिलित = इकट्ठे

यातनाएँ = तकलीफें , शक्तिशाली = ताकतवर

लालन - पालन = पालन - पोषण

Scanned with CamScanner

मौखिक (उत्तर)

1. शिवाजी शक्तिशाली, साहसी और देश-भक्त शासक थे।
2. शिवाजी की माँ का नाम जीजाबाई और पिता का नाम शाहजी था।
3. शिवाजी की माता बड़ी धार्मिक और उच्च विचारों वाली आदर्श स्त्री थी।
4. सात वर्ष की आयु में शिवाजी अस्त्र चलाना सीख गए थे।

लिखित (उत्तर)

1. शिवाजी की माँ ऊँचे विचारों वाली धार्मिक स्त्री थी। उन्होंने बहुत यातनाएँ सह कर शिवाजी का पालन-पोषण किया।

2. शिवाजी के पिता जी चाहते थे कि शिवाजी भी नवाब के दरबार में नौकरी करें ताकि उनका भरण-पोषण अच्छे से हो सके।

3. शिवाजी छापा मार तरीके से दुश्मनों पर प्रहार करते थे।

4. शिवाजी ने नवाब के सैनिकों से गाय का वध करने से बचाया था। इससे नाराज हो कर नवाब ने शिवाजी को बीजापुर से निकाल दिया।

Scanned with CamScanner

भाषा ज्ञान

1. किसने कहा; किससे कहा :- (उत्तर)

क, शिवाजी जी ने सैनिकों से कहा।
ख, शिवाजी जी ने सैनिकों से कहा।

2. शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ :

अर्थ

क, लालन-पालन = पालन-पोषण
मॉं बच्चे का पालन-पोषण करती है।

ख, प्रबंध = इंतजाम
हमारी कक्षा में बिजली का पूरा प्रबंध है।

ग, प्रवीण = कुशल
शिवाजी तलवार चलाने में प्रवीण थे।

घ, प्रयास = कोशिश
हमें जिंदगी में आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए।

ङ, यातना = तकलीफ
हमें जानवरों को यातना नहीं देना चाहिए।

च, शक्तिशाली = ताकतवर
शिवाजी जी बहुत शक्तिशाली राजा थे।

Scanned with CamScanner

निबंध

## मेरी प्रिय पुस्तक

'बाल रामायण' मेरी प्रिय पुस्तक है। यह तुलसीदास जी के रामचरितमानस के आधार पर लिखी गई है। इसमें श्री राम के जीवन के बारे में बहुत आसान भाषा में लिखा गया है।

इस पुस्तक में हमें माँ बाप के लिए पुत्र का कर्त्तव्य, स्वामी और सेवक के रिश्ते के बारे में बताया गया है। इसमें हमें बताया है कि आपने बड़ों की इज्जत कैसे करते है।

समाज में कैसे रहना चाहिए इसके बारे में भी लिखा गया है। यह पुस्तक हमें अच्छा बुरे के बारे में समझाती है।

इस किताब से हमें राजनीति और धर्म के बारे में, बहुत कुछ सीखने को मिलते है। 'बाल रामायण' मनोरंजन से भरी हुई पुस्तक है। इसे पढ़ कर बहुत संतोष आता है।

—— o ——

# हिन्दी व्याकरण

प्र· सर्वनाम किसे कहते है? इसके कितने भेद है।

उ०: जिन शब्दों का प्रयोग संज्ञा के स्थान पर किया जाता है, वे 'सर्वनाम' कहलाता है। ये संख्या में बारह हैं। मैं, हम, तुम, जो, वह आदि।

सर्वनाम के छः भेद है।

1. पुरुषवाचक सर्वनाम।
2. निश्चयवाचक सर्वनाम
3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम
4. संबंधवाचक सर्वनाम
5. प्रश्नवाचक सर्वनाम
6. निजवाचक सर्वनाम

प्र० काल किसे कहते है?

उ०: क्रिया के जिस रूप से कार्य पूर्ण होने के समय का बोध होता है, वह 'काल' कहलाता है। काल के तीन भेद है।

1. भूतकाल
2. वर्तमानकाल
3. भविष्यतकाल

Scanned with CamScanner

## विलोम लिखें : (21-30)

| | | |
|---|---|---|
| 21. | खरा | खोटा |
| 22. | सरस | नीरस |
| 23. | आशा | निराशा |
| 24. | अपेक्षा | उपेक्षा |
| 25. | सजीव | निर्जीव |
| 26. | स्थूल | सूक्ष्म |
| 27. | मौखिक | लिखित |
| 28. | आदर | अनादर |
| 29. | पाप | पुण्य |
| 30. | कृपण | दानी |

## पर्यायवाची शब्द (1-12)

1. सोना = कंचन, कनक, स्वर्ण, हेम
2. वसंत = मधुऋतु, ऋतुपति, ऋतुराज
3. तालाब = जलाशय, ताल, तड़ाग, सरोवर
4. अश्व = घोड़ा, बाजि, हय, तुरंग
5. बादल = मेघ, घन, नीरद, जलद
6. दूध = गोरस, पय, दुग्ध, क्षीर
7. जल = पानी, वारि, नीर, सलिल
8. पक्षी = विहग, खग, नभचर, पंछी
9. सरस्वती = वाणी, भारती, गिरा, श्वेतांबर
10. नेत्र = आँख, चक्षु, नयन, लोचन
11. शेर = मृगराज, सिंह, केहरी, शार्दूल
12. सूर्य = सूरज, भास्कर, प्रभाकर, दिनेश

Scanned with CamScanner

Pg no 12

पुस्तक विक्रेता को पुस्तकें मँगवाने के लिए पत्र लिखें।

प्रतिष्ठा में,
कपूर ब्रदर्स,
लाल चौक (श्रीनगर)
दिनांक ........ 2020

महोदय,

कृपा करके नीचे लिखी पुस्तकें वी.पी.पी. द्वारा भेज दें। सभी पुस्तकें नए संस्करण की होनी चाहिए। दो सौ रुपए मनीआर्डर से भेज दिए गए हैं।

| | | |
|---|---|---|
| सुप्रीम हिन्दी पुस्तक | भाग 4 | 25 प्रतियाँ |
| आधार हिन्दी पुस्तक | भाग 4 | 25 प्रतियाँ |
| सरस नैतिक पुस्तक | भाग 4 | 25 प्रतियाँ |

क, ख, ग

150, राजबाग (श्रीनगर).

## मुहावरों के अर्थ लिखें : (२१-२५)

२१. ख्याली पुलाव पकाना - ख्वाब देखना ।

२२. गर्दन में हाथ देना - अपमान करना ।

२३. गोलमाल करना - गड़बड़ करना ।

२५. घाट-घाट का पानी पीना - बहुत कुछ जानने वाला ।

२५. घोड़े बेच कर सोना - आराम से सोना ।

—— o ——